# आकाशवाणी, गोरखपुर

<u>दिनांक–13 सितम्बर 2025</u> सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में डॉक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए और दो सौ अट्ठानबे करोड़ रूपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश के भीतर स्वास्थ्य क्षेत्र में डॉक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान का महत्वपूर्ण योगदान है।

***डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान पंच वर्ष में प्रदेश के अंदर जो हमारे तीन टॉप के चिकित्सा संस्थान है। जिसमें एसकेजीएमयू एक सौ दस वर्ष की अपनी आयु पूरी कर चुका है। तो स्वाभाविक रूप से वह तो आगे रहेगा ही रहेगा। एसईपीजीआई वह भी कमोवेश चार दशत पुराना है लेकिन आप लोग पांच वर्ष में या उन्नीस वर्ष एक लम्बी छलांग लगा कर के प्रदेश के अंदर पचीस करोड़ की आबादी में आपने नम्बर तीन के स्थान के साथ तीसरे तीन टॉप के जो संस्थान है टॉप थ्री में हम अपने आपको स्थापित कर चुके हैं।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोहिया संस्थान एक ऐसे स्थान पर स्थित है जो पूर्वी उत्तर प्रदेश का मुहाना है। यहां का हर मरीज सबसे पहले राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में ही आता है। इसके बाद केजीएमयू या एसजीपीजीआई की तरफ जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चिकित्सा और चिकित्सा शिक्षा में हुए सुधारों की दिशा में लोहिया संस्थान ने सराहनीय योगदान दिया है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

**********

प्रदेश के औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने आज अयोध्या में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये लगातार काम कर रही है। कानून में संशोधन, उद्योगपतियों को जमीन उपलब्ध कराना और सिंगल विंडो प्रणाली से समाधान उपलब्ध कराना सरकार के प्रमुख प्रयास है, जिससे बड़ी संख्या में उद्योगपति निवेश के लिये उत्तर प्रदेश को बेहतर स्थान मान रहे हैं।

**********

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवाली तक जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की। आज, हम कर–मुक्त वस्तुओं के लिए सुधारों पर एक नजर डालते हैं।

***अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत, सरकार ने कई आवश्यक वस्तुओं को जीएसटी से मुक्त कर दिया है। नए ढांचे के तहत, सब्जियाँ, फल, मेवे और जूस जैसी वस्तुओं पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। वहीं, नमकीन, भुजिया और मिक्सचर पर भी 12 प्रतिशत की जीएसटी की दर से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इसके अलावा, कैंडी, टॉफी, जेली जैसी वस्तुओं पर भी जीएसटी की दर 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। एक किराना दुकानदार सुरेश ने बताया कि सरकार ने आगामी त्योहारी सीजन से पहले लोगों को बड़ी राहत दी है।***

***पहले 18 परसेंट जीएसटी था उसको आज12 परसेंट कर दिये है। पांच परसेंट था जो जीएसटी उसको जीरो कर दिये है। आज तेल, साबुन, पेस्ट, घी, तेल सभी का फाइव परसेंट कर दिया। ये सैंट्रल गर्वमेंट का बहुत बड़ा चमत्कार है।***

***जीएसटी दरों में कटौती से दैनिक आवश्यक वस्तुओं की खुदरा कीमतें कम होंगी जिनसे इनकी खपत और मांग भी बढ़ेगी। इसके अलावा लगभग सभी खाद्य उत्पादों की कम कीमतों से जीवनयापन में भी आसानी होगी। देश भर के लोग जीएसटी में हुए इस बदलाव का स्वागत कर रहे हैं, क्योंकि जीएसटी में कमी से परिवारों पर आर्थिक दबाव कम होने की संभावना है। नई कर दरें इस महीने की 22 तारीख से लागू होंगी। नितिका गुप्ता, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग और मथुरा जनपद के प्रभारी मंत्री संदीप सिंह ने आज वृन्दावन स्थित अक्षय पात्र फाउंडेशन के केन्द्रीकृत रसोई घर का दौरा किया और वहां लगी आधुनिक मशीनों का निरीक्षण करने के साथ ही तैयार हो रहे भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली। मंत्री ने कहा कि अक्षय पात्र फाउंडेशन का यह रसोई घर जिले और आसपास के सैकड़ों प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों के लिये प्रतिदिन मध्याह्न भोजन तैयार करता है। यह कार्य सरकार की एक महत्वपूर्ण उपलब्धी और सराहनीय पहल है। श्री सिंह ने जनपद में बाढ़ की स्थिति और चल रहे राहत कार्यों की भी समीक्षा की।

**********

पितृपक्ष के अवसर पर आज नमामि गंगे के सदस्यों ने वाराणसी के घाटों पर विशेष स्वच्छता अभियान चला कर पितरों को नमन किया। इस दौरान मां गंगा की आरती उतार कर सदस्यों ने पितरों की आत्मा की शान्ति और उनके आशीर्वाद की कामना की। इस अवसर पर वाराणसी नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर राजेश शुक्ला ने कहा कि गंगा की स्वच्छता केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी भी है। नदियों की सफाई हमारे स्वास्थ्य, पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा के लिये अनिवार्य है।

**********